अमर उजाला 18/02/2025

# व्याख्यान में सिखाए व्यावसायिक कौशल के गुर

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में बिजनेस शार्क प्रतियोगिता के तहत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें कुल 120 छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में निजी संस्थान के ब्रांच हेड शिवानी शामिल रही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने में सहायक होते हैं। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में नौकरी के बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए छात्रों को इस तरह के व्यावहारिक ज्ञान और प्रतियोगिताओं में भाग लेना आवश्यक है। संवाद